प्रादेशिक समाचार

28.08.2024 (संध्या 1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन दिल्ली से रांची पहुंचे, मंत्री पद और झामुमो की प्राथमिक सदस्यता से देंगे इस्तीफा, 30 अगस्त को भाजपा में होंगे शामिल।

2. झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा का आरोप– हेमंत सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की करायी जासूसी।

3. केन्द्रीय कैबिनेट ने जमशेदपुर– पुरलिया–आसनसोल तीसरी लाइन समेत तीन नयी रेल परियोजनाओं को दी मंजूरी, 12 औद्योगिक स्मार्ट शहर भी किये जायेंगे स्थापित।

4. पीएम जनधन योजना के 10 साल पूरे, देश में अबतक 53 करोड़ से ज्यादा बैंक खाते खुले, प्रधानमंत्री ने कहा – वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में जन–धन योजना ने निभायी महत्वपूर्ण भूमिका।

5. पैरालंपिक खेल 2024 आज रात पेरिस में होगा शुरू, भारत की ओर से भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल और शॉटपुट खिलाड़ी भाग्यश्री जाधव ध्वज वाहक होंगे।

****

राजनीतिक सरगर्मी के बीच राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन नयी दिल्ली से रांची लौट आये हैं। रांची एयरपोर्ट उनके समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा में जाने का उनका निर्णय सही है। श्री सोरेन आज ही मंत्री पद और झामुमो की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देंगे।

****

इससे पहले नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलकर रांची लौटे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी ने इस बात को सिरे से खारिज किया कि चंपाई सोरेन के पार्टी में आने से वे नाराज हैं। उन्होंने कहा कि श्री सोरेन के आने से भाजपा को कोल्हान क्षेत्र में और अधिक मजबूती मिलेगी।

****

असम के मुख्यमंत्री और झारखंड में भाजपा के सह चुनाव प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने आरोप लगाया है कि झारखंड सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की जासूसी कराया है। गुवाहाटी में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने खुलासा किया कि चम्पाई सोरेन की रेकी की जा रही थी।

****

झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की जासूसी कराने को लेकर राज्य की हेमंत सोरेन सरकार की आलोचना की है।

****

इधर, राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर साजिश करने का आरोप लगाया है।

सरायकेला–खरसांवा जिले के गम्हरिया में आज मंइयां सम्मान योजना की राशि महिला लाभुकों के खाते में हस्तांतरित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा से झारखंड का हित देखा नहीं जा रहा है।

****

आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने छह हजार चार सौ 56 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से भारतीय रेलवे की दो नई लाइनों और एक मल्टी–ट्रैकिंग परियोजना को मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली में कैबिनेट बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एक सौ 21 किलोमीटर की जमशेदपुर–पुरुलिया–आसनसोल की तीसरी लाइन और 37 किलोमीटर की सारडेगा–भालुमुड़ा नई डबल लाइन को मंजूरी दे दी गई है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 234 नए शहरों में 730 निजी एफएम चौनलों की ई–नीलामी कराने का प्रस्ताव भी स्वीकार कर लिया है।

****

प्रधानमंत्री जन धन योजना के आज 10 वर्ष पूरे हो गए हैं। योजना के तहत अब तक 53 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को बैंकिंग सुविधा प्रदान की जा चुकी है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी लाभार्थियों को बधाई दी है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में दूषित पानी लोगों को बीमार कर रहा है। केंद्र सरकार लोगों को बचाने के लिए हर घर नल से जल योजना चला रही है। वे आज रामगढ़ जिले के कुजू पूर्वी पंचायत में जनसंवाद सह परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

****

देवघर जिले की सभी पंचायतों में आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं।

****

पेरिस में आज पैरालंपिक गेम्स 2024 का उद्‌घाटन समारोह होने जा रहा है। भारत की ओर से भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल और शॉटपुट खिलाड़ी भाग्यश्री जाधव ध्वज वाहक होंगे। इस बार पैरालंपिक में कुल 84 पैरा एथलीट का भारतीय दल 12 अलग–अलग खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा।

*********समाप्त*********